हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 11 जुलाई 2026

06 मंदिर से मिली दुर्लभ पांडुलिपि से मिले बलदाऊ जी...



07 पहली ही बारिश में लबालब उदयपुरी...





## खबर संक्षेप



### पशुपतिनाथ मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन आज से

**सागर।** तिली रोड बैंक कॉलोनी स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में आज शनिवार से सोमवार तक तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन होंगे। पंडित शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि मंदिर समिति के अध्यक्ष के सी व्यास द्वारा पशुपतिनाथ मंदिर के ऊपर गुंबद के घेर में नवदुर्गा एवं नवग्रह की मूर्तियों की दर्शनार्थ पूजा स्थापना कराई जा रही है जिसमें आज सुबह 9बजे से कलशयात्रा निकाली जायेगी दोपहर 12बजे से 5बजे तक पूजन होगा,रात्रि 8बजे से मंडली द्वारा सुंदरकांड का आयोजन होगा। रविवार को सुबह 9से 5बजे तक पूजन होगा एवं रात्रि 9बजे से प्रसिद्ध बुंदेली गायक जित्तू खरे द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। सोमवार को सुबह 9बजे से हवन पूर्णाहुति होगी।

### जनजागरूकता रैली का आयोजन आज

**सागर।** विश्व जनसंख्या माह के तहत जिला स्वास्थ्य समिति, सागर द्वारा 11 से 18 जुलाई तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत 11 जुलाई को सुबह 10:30 बजे जिला चिकित्सालय सागर से जनजागरूकता रैली निकाली जाएगी, जो मेडिकल कॉलेज मार्ग से होकर पुनः जिला चिकित्सालय परिसर में पहुंचेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, एएनएम, नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों, एमपीडब्ल्यू एवं आशा कार्यकर्ताओं की अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। रैली का उद्देश्य परिवार कल्याण एवं जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

### जिले में अब तक 224.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 224.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के अभिलेखों के अनुसार एक जून से 10 जुलाई 2026 तक देवरी केन्द्र पर सर्वाधिक 386.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से 10 जुलाई 2026 तक सागर में 204.6 मिमी, जैसीननगर में 293.1 मिमी, राहतगढ़ में 221.7 मिमी, बीना में 185.0 मिमी, खुरई में 156.0 मिमी, मालथौन में 106.5 मिमी, बंडा में 228.7 मिमी, शाहगढ़ में 94.2 मिमी, गढ़ाकोटा में 363.9 मिमी, रहली में 238.5 मिमी, देवरी में 386.0 मिमी, केसली में 219.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### 13 जुलाई से शुरू होगा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तीसरा चरण

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निर्देशानुसार सागर जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण आगामी 13 से 18 जुलाई के मध्य आयोजित किया जा रहा है। इस छह दिवसीय विशेष अभियान के सुचारू संचालन, समन्वय और प्रतिदिन की प्रगति की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर एक समर्पित कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। अभियान के तहत जिले के मैपिंग अनुसार मैत्री, गौसेवक और 64 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी मैदान में उतरेंगे। ये दल जिले के ऐसे 18,688 चिन्हित पशुपालकों के घर-घर जाकर सीधे भेंट और संवाद करेंगे, जिनके पास 3 से 4 गौ या भैंस वंश मौजूद हैं। संवाद के दौरान एकत्रित की गई महत्वपूर्ण जानकारियां दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के आधिकारिक पोर्टल पर दर्ज की जाएंगी।

## नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगेगा स्पॉट फाइन

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मुख्य सचिव द्वारा उच्च स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आज मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। इस बैठक में सागर संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी और कलेक्ट्रेट सागर से कलेक्टर प्रतिभा पाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए 1 अप्रैल 2026 से लागू किए गए इन नियमों का धरातल पर क्रियान्वयन अत्यंत अनिवार्य है। इसके तहत कचरा प्रबंधन की पूरी श्रृंखला पर कड़ा नियंत्रण रखा जाएगा। नियम तोड़ने वालों, खुले में कचरा फेंकने या जलाने वालों और कचरे का पृथक्करण न करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए मौके पर ही 'स्पॉट फाइन' लगाया जाएगा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नए नियमों के तहत कचरे के निस्तारण को मुख्य चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है,




जिसमें जैव-अपघटनीय, सूखा कचरा, चिकित्सीय अपशिष्ट और सैनिटरी अपशिष्ट शामिल हैं। कलेक्टर्स और संबंधित अधिकारियों को पूरी 'ट्रीटमेंट साइकिल' की बारीकी से निगरानी, पर्यवेक्षण और नेतृत्व करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि कोई भी कचरा बिना उपचार के न छूटे।

### बल्क वेस्ट जनरेटर के लिए कड़े प्रावधान

बैठक में बल्क वेस्ट जनरेटर के वर्गीकरण और उनके दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई। ऐसे संस्थान या आवासीय क्षेत्र जिनके परिसर का आकार 20,000 वर्ग मीटर या उससे अधिक का निर्मित क्षेत्र हो, जहां प्रतिदिन 40,000 लीटर या उससे अधिक पानी की खपत हो, प्रतिदिन से अधिक है अथवा जहां प्रतिदिन 100 किलोग्राम या उससे अधिक अपशिष्ट पैदा है, उन्हें बीडब्ल्यूजी माना जाएगा। सभी बीडब्ल्यूजी को अनिवार्य रूप से संबंधित पोर्टल पर अपनी प्रविष्टि दर्ज करानी होगी। बड़े कचरा उत्पादकों को अपने परिसर में ऑर्गेनिक वेस्ट कन्वर्टर स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए जिससे जैविक कचरे का मौके पर ही निपटारा किया जा सके।

### सर्कुलर इकोनॉमी और '3आर' सिद्धांत से मिलेगी मजबूती

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी जिलों में इस व्यवस्था को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि कचरा प्रबंधन में नागरिकों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। घरों और प्रतिष्ठानों के स्तर पर ही कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित कराया जाएगा। सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने तथा 3-R के सिद्धांत अर्थात वेस्ट कम करना, पुनः उपयोग करना और पुनर्चक्रण करना के सिद्धांत को अपनाने पर है। इसके साथ ही सोसायटियों और मोहल्लों के बीच एक स्वस्थ व सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित की जाएगी।बैठक में पर्यावरण अनुकूल वैज्ञानिक लैंडफिल्स के विकास पर भी चर्चा की गई। किसी भी स्तर पर आ रही कमियों को पहचान कर उन्हें तत्काल दूर करने को कहा गया है। इस पूरी व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए पोर्टल के माध्यम से शहरी निकायों और ग्रामीण निकायों दोनों की प्रगति की निरंतर समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, आयुक्त नगर निगम राजकुमार खत्री, संयुक्त आयुक्त विकास पी सी शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट गगन बिसेन सभी सीएमओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जीकी 20 फीट ऊंची प्रतिमा बनेगी सागर की नई पहचानः मंत्री राजपूत

**सागर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने गुरुवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की निर्माणाधीन प्रतिमा स्थल, सिटी स्टेडियम का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल क्षत्रिय समाज ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के स्वाभिमान, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक हैं। उनकी भव्य प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति, साहस और त्याग की प्रेरणा देती रहेगी। निरीक्षण के दौरान मंत्री राजपूत के साथ क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष नीरज सिंह नयाखेड़ा, पूर्व अध्यक्ष हरिराम सिंह, युवा क्षत्रिय समाज अध्यक्ष संदीप सिंह, सनिल सिंह सेमाढाना, संतोष सिंह नयाखेड़ा, अरुण सिंह, अभिषेक सिंह, गजेंद्र सिंह, शैलेन्द्र सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे। मंत्री राजपूत ने नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री से प्रतिमा निर्माण की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्हें बताया गया कि प्रतिमा के लिए 20×10×12 फीट आकार का मजबूत पेडस्टल तैयार किया जा रहा है, जिसकी ऊंचाई 12 फीट होगी। इस पेडस्टल पर स्थापित होने वाली महाराणा प्रताप की घोड़े सहित 20 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा का निर्माण ग्वालियर में तेजी से किया जा रहा है। आगामी 15 से 20 दिनों के भीतर प्रतिमा निर्माण का कार्य पूर्ण होने की संभावना है। मंत्री राजपूत ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और गति पर संतोष व्यक्त करते हुए नगर निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री, निर्माण एजेंसी, ठेकेदार तथा कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने प्रतिमा स्थल के आसपास किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह स्थल भविष्य में सागर शहर का प्रमुख आकर्षण और ऐतिहासिक गौरव का केंद्र बनेगा।



## साहू कॉलोनी वासियों को जल्द मिलेगी जलभराव से मुक्तिः सड़क निर्माण को मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

साहू कॉलोनी के निवासियों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। शुक्रवार को बारिश प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने निकले नगर पालिका अध्यक्ष ने साहू कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड वासियों ने सड़क और नाली के क्षतिग्रस्त होने और उससे उत्पन्न होने वाली जलभराव की गंभीर समस्या से उन्हें अवगत कराया। कॉलोनी वासियों की परेशानी को देखते हुए नपा अध्यक्ष ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मौके पर ही कड़े निर्देश जारी किए।तत्काल पैमाइशः नपा अध्यक्ष ने मौके पर ही इंजीनियर आकाश उदेनिया को बुलाकर प्रभावित क्षेत्र की नपाई करवाई। कॉलोनी में 800 मीटर नाली और 400 मीटर सड़क के नए निर्माण कार्य के आदेश तुरंत जारी कर दिए गए।शीघ्र कार्य का आश्वासनः स्थानीय नागरिकों (मनोज खटीक, समीर जैन आदि) द्वारा काम जल्द शुरू कराने के अनुरोध पर नपा अध्यक्ष ने इसे शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिया।इस त्वरित फैसले पर वार्डवासी राम प्रताप ठाकुर, रामबाबू साहू, मनोज जैन, टोनू जैन सहित पूरी कॉलोनी ने हर्ष व्यक्त करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष का आभार जताया है। निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र ठाकुर, प्रियेश पटेरिया, दीपक पटेल, विक्रम ठाकुर, मस्तु खान एवं नगरपालिका के अन्य कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## प्रति एकड़ 80 किलो मूंग खरीदी के फैसले का विरोध ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

खुरई में गुरुवार को भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने सरकार की मूंग खरीदी नीति और खाद संकट के खिलाफ प्रदर्शन किया। सरकार के प्रति एकड़ मूंग खरीदी की बेहद कम सीमा तय किए जाने से नाराज किसान बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे और तहसील परिसर में धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक लेटलातीफी को लेकर भी किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष अनुरुद्ध सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार वर्तमान में प्रति एकड़ केवल 80 किलो मूंग की ही खरीद रही है, जो किसानों के साथ मजाक है। किसान इस सीमा को बढ़ाकर 4 से 5 क्विंटल प्रति एकड़ करने की मांग कर रहे हैं। नीति से नाराज किसानों ने तहसील परिसर में बैठकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगें पूरी करने की आवाज उठाई।

धरने पर बैठे किसानों ने प्रशासन और राजस्व विभाग पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। किसानों के अनुसार, केवल 25



प्रतिशत किसानों की ही सही गिरदावली कर फसल को सरकारी रिकॉर्ड में चढ़ाया गया है, जिसे तुरंत ठीक किया जाना चाहिए।

क्षेत्र के लगभग 40 प्रतिशत छोटे किसानों की अब तक 'फार्मर आईडी' (किसान पहचान पत्र) नहीं बन पाई है। जिन 50 प्रतिशत किसानों की आईडी बनी भी है, उनमें उनके पूरे खेत के रकबा नंबर दर्ज नहीं हैं। इस तकनीकी खामी के कारण किसानों को सरकारी लाभ और पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है।

किसानों ने आरोप लगाया कि खरीदी केंद्रों पर उनसे अवैध वसूली की जा रही है, जिसे तुरंत रोका जाए और खाद वितरण के लिए लागू की गई ई-टोकन व्यवस्था को समाप्त किया जाए।किसानों ने कहा कि पहले डीएपी खाद न मिलने के कारण उन्हें बिना खाद के ही फसलों की बुवाई करनी पड़ी थी। अब जब फसलों को यूरिया की जरूरत है, तो सोसायटियों और डीलर्स यूरिया के साथ जबरन डीएपी खाद बेच रहे हैं।

प्रदर्शन के दौरान तब स्थिति और तनावपूर्ण हो गई जब किसानों का ज्ञापन लेने के लिए नायब तहसीलदार बेहद देर से पहुंचे। किसानों ने इसे प्रशासनिक असंवेदनशीलता बताते हुए तीखा आक्रोश व्यक्त किया। बाद में, मामले को शांत कराते हुए मुख्य तहसीलदार ऋतु राय मौके पर पहुंचीं, जिन्हें किसानों ने सरकार के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा और जल्द कार्रवाई की चेतावनी दी।

## भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन से बीते 8 दिन में 51 मरीजों को मिला निशुल्क रक्त

सागर। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में संचालित ब्लड हेल्पलाइन सेवा लगातार जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। सेवा के माध्यम से 1 से 8 जुलाई के मध्य मात्र 8 दिनों में 51 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया। इस अवधि में प्रतिदिन औसतन 7 मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर उनके उपचार में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। गौरतलब है कि 2 जून 2025 को प्रारंभ हुई इस जनकल्याणकारी सेवा के माध्यम से अब तक 1,855 जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है। रक्त की आवश्यकता के समय मरीजों एवं उनके परिजनों को होने वाली भागदौड़, चिंता और आर्थिक बोझ को कम करने की दिशा में यह सेवा निरंतर प्रभावी भूमिका निभा रही है। यही कारण है कि अल्प समय में यह हेल्पलाइन सागर जिले सहित पूरे संभाग में जनविश्वास का पर्याय बन गई है। बीते आठ दिनों में जिन 51 मरीजों को इस हेल्पलाइन के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराया गया, उनमें बंडा, केसली, गौरझामर, गढ़ाकोटा, खुरई, सुरखी, रहली, राहतगढ़, मालथौन, नरयावली, बांदरी, बीना, देवरी, बेगमगंज, दमोह, सानौधा, बटियागढ़, जैसीनगर तथा दलपतपुर सहित अनेक नगरों एवं ग्रामीण अंचलों से सागर में उपचार हेतु आए मरीज शामिल रहे। हेल्पलाइन से जुड़े स्वयंसेवकों एवं रक्तदाताओं के त्वरित समन्वय से सभी जरूरतमंदों तक समय पर रक्त उपलब्ध कराया गया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियानः कमिश्नर, आईजी और एसपी ने सर्किट हाउस में किया पौधरोपण

**सागर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देशव्यापी एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आज सागर के सर्किट हाउस क्रमांक-1 के प्रांगण में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सागर संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, आईजी मिथिलेश शुक्ला, डीआईजी एस.एस. चौहान, कलेक्टर प्रतिभा पाल और एसपी अनुराग सुजानिया, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, डीएफओ साउथ वरुण यादव सहित प्रशासनिक व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## मांगें पूर्ण न होने पर पुनः आंदोलन करने की चेतावनी दी

# विधायक शैलेंद्र जैन के आश्वासन के बाद नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल सोमवार तक के लिए स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम कर्मचारियों की 13 सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में चल रहा आंदोलन 18 दिनों से धरना-प्रदर्शन कर रहे नगर निगम के विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा कामबंद हड़ताल को विधायक शैलेन्द्र जैन द्वारा सभी मांगे पूर्ण कराने के आश्वासन के बाद सोमवार तक के लिये स्थगित कर दी गई। अगर सोमवार तक सभी मांगे पूर्ण नहीं हुई तो पुनः आंदोलन किया जायेगा।

नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एवं सागर संभाग प्रभारी राजेशसिंह राजपूत, संयुक्त कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेन्द्र खटीक तथा ईकाई अध्यक्ष वर्षा समद्र ने संयुक्त रूप से बताया कि कर्मचारी संगठनों द्वारा 13 सूत्रीय मांगों के संबंध में सभी कर्मचारी पं.मोतीलाल स्कूल से एकत्रित होकर जुलूस के रूप में संभाग आयुक्त कार्यालय पहुँचकर संभाग आयुक्त सागर को ज्ञापन सौंपा गया।

प्रांतीय सचिव राजेशसिंह राजपूत ने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों के निराकरण हेतु पिछले 1 वर्ष से लगातार मांग की जा रही है लेकिन निगम प्रशासन द्वारा द्वारा उनपर कोई




कार्यवाही नहीं की गई जिस कारण मजबूरन कर्मचारियों को आंदोलन करने के लिये मजबूर होना पड़ा। शुक्रवार को विधायक शैलेन्द्र जैन ने नगर निगम कार्यालय पहुँचकर कर्मचारी संघों से चर्चा की और समस्त मांगों का निराकरण कराने का दो दिवस में आश्वासन दिया तथा जिन कर्मचारियों के आदेश किये गये उनके आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त कराने का आश्वासन दिया।

ईकाई अध्यक्ष वर्षा समद्र सहित समस्त महिला सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों में मुख्य मांग को लेकर संयुक्त रूप से कहा है कि हम लोग विगत 20 वर्षो दैनिक वेतन एवं स्थायकर्मी के रूप में कार्यरत है परंतु निगम प्रशासन द्वारा आज दिनांक हम लोगों को रिक्त पद पर नियमित नहीं किया गया है यदि हम लोगों को नियमित नहीं किया गया तो स्थापना शाखा से संबंधित अधिकारी लेखाधिकारी हर्ष केशरवानी, शरदसिंह ठाकुर एवं आकाश मांझी का मुंह काला करके घुमायेंगे।

कर्मचारी संगठनों की प्रमुख मांगों में शासन के निर्देशानुसार पदोन्नति, प्रत्येक माह की 5 तारीख तक वेतन भुगतान, लगभग 8 करोड़ रुपये की जीपीएफ राशि तथा 2.50 करोड़ रुपये की एनपीएस राशि कर्मचारियों के खातों में जमा कराना, स्थायीकर्मियों को योग्यता अनुसार रिक्त पदों पर नियमितीकरण, अनुकंपा नियुक्तियां, समयमान वेतनमान का लाभ, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 300 दिवस की ग्रेच्युटी राशि प्रदान करना तथा सफाई कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश उपलब्ध कराना शामिल है।

धरना प्रदर्शन के दौरान राजेन्द्र मलैया, मनोज चैबे, राजेश चोबे, चंद्रविजय गौर, अनिल दुबे, प्रसन्न तिवारी, अनिरूध्द चांचोदिया, भरत चांदोदिया, कुलदीप बाल्मीकि, सुदेश सनकत, देवकुमार चैबे, वर्षा समद्र, सरवन करोसिया, सूरज मंछदर, राजेन्द्र सनकत, सुरेन्द्र महावत, सविता दुबे, महेश करोसिया, भोलाप्रसाद करोलिया,आकाश करोसिया, शुकुनतला गोस्वामी, सुंदरलाल जैन, राधेलाल, सुदामा मछन्दर, नीरज कोरी, रंजीत साहू, विजय महावत, विकास गुरू, रज्जन करोसिया, नन्हेभाई पटैल, विनोद साहू सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।



## निगमायुक्त ने सिविल लाइन चौराहे पर स्वयं मौजूद रहकर कराई सफाई


**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने शुक्रवार को सिविल लाइन क्षेत्र का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सिविल लाइन चैराहे पर स्वयं उपस्थित रहकर सफाई कार्य कराया तथा संबंधित कर्मचारियों को शहर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों, चैराहों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने हेतु सफाई कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में निगमायुक्त ने सिविल लाइन क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छता किसी भी शहर की पहचान होती है तथा इसे बनाए रखना केवल नगर निगम ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाएं, निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालें तथा स्वच्छता बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर की सफाई, सौंदर्यीकरण एवं जनस्वास्थ्य से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निरंतर संचालित किया जाएगा ताकि सागर नगर की स्वच्छ एवं सुंदर छवि बनी रहे। नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त संसाधनों की भी व्यवस्था की जा रही है।

ऐतिहासिक धरोहरों का इतिहास सहेजने को लेकर कलेक्टर के प्रयासों की हो रही सराहना

# मंदिर से मिली दुर्लभ पांडुलिपि से मिले बलदाऊ जी के 17 दिव्य नाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



बुंदेलखंड की ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत को सहेजने की दिशा में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा निरंतर की जा रही पहल अब नए आयाम छूती नजर आ रही है। जिले के लिधौरा स्थित श्री लक्ष्मण जी बड़े मंदिर और बल्देवगढ़ के प्राचीन बलदाऊ जी मंदिर से प्राप्त दुर्लभ एवं अतिप्राचीन पांडुलिपियों ने इतिहास और संस्कृति के नए पन्ने खोल दिए हैं। इन पांडुलिपियों में ऐसी ऐतिहासिक और धार्मिक जानकारियां सामने आई हैं, जिन्हें संरक्षण और शोध की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिन्हे कलेक्टर श्रोत्रिय के प्रयासों के चलते निरंतर सहेजने का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा किये जा रहे इन प्रयासों को लेकर जिले की जनता द्वारा कलेक्टर श्रोत्रिय की मुक्तकंठ से सराहना की जा रही है।

### दुर्लभ पाण्डुलिपियों में मिला अत्यंत प्राचीन व प्रसिद्ध पर्यायवाची शब्दकोश

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि कुछ दिन पूर्व लिधौरा के श्री लक्ष्मण जी बड़े मंदिर में बड़ी संख्या में प्राचीन पांडुलिपियां प्राप्त हुई थीं। इनमें कुछ पृष्ठ विशेष रूप से आकर्षित करने वाले थे, जिनमें बीच में बड़े अक्षरों में संस्कृत ऋचाएं लिखी थीं और उनके चारों ओर अत्यंत सूक्ष्म अक्षरों में उनकी टीका अंकित थी। जब इनका अध्ययन और संदर्भ खोजा गया तो पता चला कि यह संस्कृत के विश्वप्रसिद्ध ग्रंथ 'अमरकोश' का अंश है। उन्होंने बताया कि अमरकोश संस्कृत साहित्य का अत्यंत प्राचीन और प्रसिद्ध पर्यायवाची शब्दकोश है, जिसकी रचना चौथी-पांचवीं शताब्दी में महाकवि अमरसिंह ने की थी। इस ग्रंथ की विशेषता यह है कि इसमें शब्दों को वर्णक्रम के बजाय विषयवार समूहों में व्यवस्थित किया गया है, जिससे एक ही शब्द के अनेक पर्यायवाची और उनके लिंग का ज्ञान प्राप्त होता है।

### ब्यूअर बोले, वरदान से कम नहीं कलेक्टर

जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा दोनों प्राचीन मंदिरों का निरीक्षण कर इन पांडुलिपियों की जानकारी सार्वजनिक किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने उनके प्रयासों की जमकर सराहना की। कई लोगों ने इसे जिले की सांस्कृतिक धरोहर को बचाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया। एक नागरिक ने टिप्पणी करते हुए लिखा कि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय टीकमगढ़ जिले के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। पहली बार किसी जिला कलेक्टर को इतनी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ जिले के इतिहास और विरासत को सहेजते हुए देखा है। वहीं अन्य लोगों ने कहा कि इस प्रकार का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर साबित होगा।

### अमरकोश संस्कृत श्लोक में मिले बलदाऊ जी के 17 दिव्य नाम

इसी क्रम में कलेक्टर श्रोत्रिय ने बल्देवगढ़ स्थित पुनर्निर्माणाधीन बलदाऊ जी मंदिर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मंदिर का पुनर्निर्माण विश्वदीप मिश्रा के प्रयासों से किया जा रहा है। सबसे रोचक संयोग यह रहा कि लिधौरा मंदिर से प्राप्त अमरकोश का जो पृष्ठ मिला, उसमें भगवान बलदाऊ जी के ही 17 दिव्य नामों का उल्लेख है। पांडुलिपि में संस्कृत श्लोक के माध्यम से भगवान बलराम के नाम बलभद्र, प्रलम्बघ्न, बलदेव, अच्युताग्रज, रेवतीरमण, राम, कामपाल, हलायुध, नीलाम्बर, रोहिणेय, तालाङ्क, मुसली, हली, संकर्षण, सीरपाणि, कालिन्दीभेदन और बल—का वर्णन किया गया है। इन सभी नामों के अर्थ भी पांडुलिपि में विस्तार से अंकित हैं। इनमें भगवान बलराम के पराक्रम, उनके शस्त्र, पारिवारिक संबंध, भक्तों के प्रति करुणा तथा पौराणिक घटनाओं का उल्लेख मिलता है।

### धरोहर को मंदिर में रखा जाएगा अवलोकनार्थ हेतु सुरक्षित

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि जब बल्देवगढ़ स्थित बलदाऊ जी मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा, तब इस दुर्लभ पांडुलिपि की प्रतिलिपि मंदिर में सुरक्षित रखी जाएगी, ताकि श्रद्धालु और शोधार्थी इस ऐतिहासिक धरोहर का अवलोकन कर सकें। इतिहासकारों और संस्कृति प्रेमियों का मानना है कि यदि इन पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण और गहन अध्ययन किया गया तो टीकमगढ़ के धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व से जुड़े अनेक नए तथ्य सामने आ सकते हैं। प्रशासन की यह पहल न केवल जिले की अमूल्य धरोहर को सुरक्षित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि बुंदेलखंड के गौरवशाली अतीत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का भी सशक्त माध्यम बन सकती है।

सीईओ को दिए ज्ञापन में लगाए सरपंच-सचिव पर आरोप

# भ्रष्टाचार के चलते पंचायत में बगावत मवई में सामूहिक इस्तीफा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले की ग्राम पंचायत मवई में कथित भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर पंचायत के निर्वाचित पंचों ने बड़ा कदम उठाते हुए सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। पंचों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को ज्ञापन सौंपकर सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक के कार्यकाल की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से ग्राम पंचायत मवई के पंचों ने आरोप लगाया है कि पंचायत में नियम-कायदों को दरकिनार कर विकास कार्यों और वित्तीय मामलों में गंभीर अनियमितताएं की गईं, जिससे ग्रामीणों के हित प्रभावित हुए हैं। पंचों का कहना है कि उन्हें पंचायत की बैठकों की सूचना तक नहीं दी जाती थी और ग्रामसभा सहित पंचायत की निर्णय प्रक्रिया से पूरी तरह अलग रखा गया। उनका आरोप है कि कई प्रस्ताव उनकी जानकारी और सहमति के बिना तैयार कर लिए गए तथा उन पर कथित रूप से फर्जी हस्ताक्षर कर प्रस्ताव पारित कर दिए गए। पंचों ने दावा किया कि उन्होंने ऐसे किसी प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए, फिर भी रिकॉर्ड में उनके हस्ताक्षर दर्शाए गए हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पंचायत के निर्माण कार्य पंचायत के माध्यम से कराए जाने के बजाय कथित रूप से ठेकेदारी प्रणाली से कराए गए, जिससे न केवल कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हुई बल्कि वित्तीय अनियमितताओं की भी आशंका है। पंचों ने वर्ष 2023 से अब तक पंचायत में हुए सभी निर्माण कार्यों, स्वीकृत प्रस्तावों, भुगतान, मस्टर रोल और संबंधित अभिलेखों की विस्तृत जांच कराने की मांग की है। पंचों ने नल-जल योजना, बाजार नीलामी, पंचायत की दुकानों से होने वाली आय, पंचायत के आय-व्यय का पूरा लेखा-जोखा, आवक-जावक पंजी तथा अन्य वित्तीय दस्तावेजों की भी जांच कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि पंचायत की आर्थिक गतिविधियों में पारदर्शिता नहीं बरती गई और कई मामलों में नियमों की अनदेखी की गई। ज्ञापन में रोजगार सहायक पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से कथित रूप से रिश्वत लेने के आरोपों की भी जांच की मांग की गई है। साथ ही लंबे समय से एक ही पंचायत में पदस्थ सचिव को हटाकर निष्पक्ष प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी अधिकारियों से की गई है। पंचों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई, तो वे न्यायालय की शरण लेने के लिए बाध्य होंगे। उनका कहना है कि पंचायत में पारदर्शिता और जवाबदेही स्थापित करने के लिए यह कदम मजबूरी में उठाया गया है। हालांकि, पंचों द्वारा लगाए गए इन आरोपों पर समाचार लिखे जाने तक सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक का पक्ष सामने नहीं आ सका है। प्रशासन की ओर से भी फिलहाल जांच को लेकर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की गई है। ऐसे में अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि मामले की जांच किस स्तर पर कराई जाती है और आरोपों में कितनी सच्चाई सामने आती है।

मिड-डे मील सहित साफ सफाई पर उठे सवाल

# अनियमितताओं से त्रस्त छात्रों ने लगाई कलेक्टर के दरबार में गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले की लिधौरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवर के शासकीय माध्यमिक एकीकृत विद्यालय की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि जिन बच्चों के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी शिक्षा व्यवस्था पर है, वही छात्रो को अब कथित अनियमितताओं से परेशान होकर न्याय की गुहार लगाने के लिये कलेक्टर तक पहुंचने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है।

लिधौरा तहसील अंतर्गत ग्राम जेवर विद्यालय में मध्याह्न भोजन योजना के संचालन, साफ-सफाई और मूलभूत व्यवस्थाओं को लेकर छात्रों एवं ग्रामीणों ने गंभीर शिकायतें दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। विद्यालय के छात्र मयंक कुशवाहा और अयान खान ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को लिखित आवेदन सौंपकर आरोप लगाया कि स्कूल में बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित मीनू के अनुरूप भोजन नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना है कि भोजन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों ही सवालों के घेरे में हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मध्याह्न भोजन योजना के संचालन में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है, जिससे विद्यार्थियों के पोषण और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

ग्रामीणों का भी आरोप है कि विद्यालय की व्यवस्थाएं लगातार बदहाल बनी हुई हैं। शंकरजी खिरक स्थित शासकीय विद्यालय परिसर में भवन और शौचालयों के आसपास झाड़ियां उगी हुई हैं तथा साफ-सफाई का अभाव है। ग्रामीण दीनदयाल कुशवाहा ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। इसी बीच ग्रामीण अरुण प्रताप सिंह कुशवाहा ने क्षेत्र की जर्जर सड़क का वीडियो जारी कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। उनका कहना है कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। बरसात के मौसम में यह मार्ग और अधिक खतरनाक हो जाता है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि छात्रों को अपने अधिकारों के लिए स्वयं प्रशासन के सामने गुहार लगानी पड़ रही है, तो यह शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं, मध्याह्न भोजन योजना और अन्य स्थानीय समस्याओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

**कार्रवाई करेंगे**

संबंधितों को निर्देश दिए गए हैं। मैं भी स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण करूंगा। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।
**डॉ अनिल गुप्ता**, लिधौरा तहसीलदार

### महिला अपराधों में सख्त कार्रवाई दुष्कर्म आरोपी को 10 वर्ष की सजा

टीकमगढ़। महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों में त्वरित और प्रभावी न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में पुलिस को दो महत्वपूर्ण मामलों में सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में गठित विशेष मॉनिटरिंग टीम द्वारा न्यायालयीन प्रक्रिया की सतत निगरानी और प्रभावी पैरवी के चलते दो



अलग-अलग महिला अपराधों के मामलों में न्यायालय ने आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। पहले मामले में थाना देहात में दर्ज दुष्कर्म प्रकरण में सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने आरोपी मनोज अहिरवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2)(एन) के तहत दोषी पाया। न्यायालय ने आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं दूसरे मामले में थाना खरगापुर में दर्ज प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74, 75(2) एवं 78(1) के तहत विचारण उपरांत न्यायालय ने आरोपी नीरज यादव को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के कारावास एवं एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस के अनुसार दोनों मामलों में विवेचना के दौरान साक्ष्यों का प्रभावी संकलन किया गया तथा न्यायालय में सशक्त पैरवी सुनिश्चित करने के लिए प्रकरणों की लगातार मॉनिटरिंग की गई। इसी का परिणाम रहा कि दोनों मामलों में दोषसिद्धि संभव हो सकी। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों के प्रत्येक मामले की गंभीरता से निगरानी की जा रही है। प्रभावी विवेचना, मजबूत साक्ष्य संकलन और न्यायालय में सशक्त पैरवी के माध्यम से दोषियों को कानून के अनुरूप दंड दिलाना टीकमगढ़ पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों के मामलों में पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाने के लिए टीकमगढ़ पुलिस पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

स्कूल वाहनों में सुरक्षा मानकों में कमी मिलने पर कार्रवाई

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिलः मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने और स्कूल वाहनों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस ने जिलेभर में विशेष जांच अभियान शुरू किया है। पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार 8 जुलाई से 10 दिवसीय स्कूल बस एवं स्कूल वाहन सुरक्षा जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्कूल बसों और अन्य स्कूली वाहनों की सघन जांच की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में संचालित स्कूल वाहनों का नियमित निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि शासन द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में शुक्रवार को जिलेभर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूल बसों के चालकों एवं परिचालकों का पुलिस सत्यापन किया गया, साथ ही वाहनों के दस्तावेजों और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया गया। जांच के दौरान बसों में अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास द्वार, प्राथमिक उपचार किट, विद्यार्थियों के सुरक्षित बैठने की व्यवस्था, आपातकालीन संपर्क नंबरों का प्रदर्शन, फिटनेस संबंधी दस्तावेज सहित अन्य अनिवार्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। जिन वाहनों में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं, उनके संचालकों को सुरक्षा मानकों का निरंतर पालन करने की समझाइश दी गई। वहीं जिन स्कूल वाहनों में निर्धारित मानकों की अनदेखी पाई गई, उनके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करते हुए कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन, वाहन संचालकों और अभिभावकों की संयुक्त जिम्मेदारी है कि बच्चों को सुरक्षित परिवहन उपलब्ध कराया जाए। टीकमगढ़ पुलिस लगातार निगरानी रखेगी और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने जिले के सभी स्कूल संचालकों और वाहन मालिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी सुरक्षित वातावरण में विद्यालय पहुंच सके और घर लौट सके।

दिवंगत महिला प्रधान आरक्षक के परिवार को दिलाई 10 लाख की सहायता

# पुलिस की संवेदनशील कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्साः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के प्रति संवेदनशील कार्यशैली का परिचय देते हुए पुलिस ने एक बार फिर मानवीय पहल की है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में दिवंगत महिला प्रधान आरक्षक विद्या सेन के परिवार को भारतीय स्टेट बैंक की पुलिस सैलरी पैकेज पीएसपी योजना के तहत 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने दिवंगत प्रधान आरक्षक के पुत्र आशीष सेन को सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दौरान उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि टीकमगढ़ पुलिस हर परिस्थिति में अपने पुलिस परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और किसी भी कर्मचारी के असामयिक निधन के बाद उसके आश्रितों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। जानकारी के अनुसार, स्वर्गीय विद्या सेन के निधन के बाद पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने स्वयं प्रकरण की लगातार मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक समन्वय स्थापित कराया। इसके परिणामस्वरूप भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा टीकमगढ़ के माध्यम से पुलिस सैलरी पैकेज योजना अंतर्गत उनके परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत हुई। इस प्रक्रिया में बैंक द्वारा त्वरित कार्रवाई कर सहायता राशि उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा पुलिस परिवारों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयास लगातार प्रभावी साबित हो रहे हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में पिछले एक वर्ष के दौरान पुलिस सैलरी पैकेज और परोपकार निधि के माध्यम से जिले के आठ पुलिस परिवारों को 1.80 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसके अलावा इसी अवधि में दिवंगत एवं दिव्यांग पुलिस कर्मियों के आश्रितों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 12 अनुकंपा नियुक्तियां भी प्रदान की गई हैं। इन पहलों से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सुरक्षा के साथ-साथ सम्मान और भविष्य के प्रति नया विश्वास मिला है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मुख्य लिपिक रामाधार त्रिपाठी, सहायक उपनिरीक्षक महेश साहू सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष का हुआ स्वागत

# 'संवैधानिक दर्जा देकर मोदी सरकार ने ओबीसी को दिया ऐतिहासिक सम्मान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के प्रथम टीकमगढ़ आगमन पर जिलेभर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत की मुख्य उपस्थिति एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष हरप्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर पुष्पमालाओं, पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के साथ उनका अभिनंदन किया गया। इसके बाद भाजपा जिला कार्यालय में बैठक आयोजित कर संगठन की मजबूती और पिछड़ा वर्ग के उत्थान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत का सिलसिला कारी, बावरी तिगैला, बड़ागांव खुर्द, तेज होटल, गिरी पैलेस, बल्देवगढ़ के मंगल भवन सहित कई स्थानों पर चला। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर ओबीसी समाज को सम्मान दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पिछड़े वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जवाहरलाल नेहरू सरकार ने ओबीसी हितों से जुड़ी काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को लागू नहीं होने दिया। उन्होंने बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत और वीरभूमि टीकमगढ़ की ऐतिहासिक पहचान का भी उल्लेख किया।

## आसपास के समूचे क्षेत्र में भूजल स्तर बढ़ेगा, सिंचाई करने पानी मिलेगा

# पहली ही बारिश में लबालब उदयपुरी का नया स्टॉप डैम, जल संरक्षण में मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना




जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत उदयपुरी की सीमा में कुनो नदी की स्ट्रीम पर नवनिर्मित स्टॉप डैम पहली ही बारिश में पूर्ण रूप से भर गया है। इस जल संरचना का निर्माण भारत सरकार से प्राप्त जल संचय जन भागीदारी की पुरस्कार राशि के अंतर्गत कुल 17.86 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। पहली ही वर्षा में डैम का पूरी तरह से लबालब होना इसकी उपयोगिता और बेहतर निर्माण कार्य की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

यह महत्वपूर्ण कार्य जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) अभिषेक दुबे के दिशा-निर्देशन और सतत निगरानी में गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया है। इस स्टॉप डैम के भरने से अब आसपास के समूचे क्षेत्र में भूजल स्तर (वाटर लेवल) को बढ़ाने, किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने तथा वर्षा जल के प्रभावी संरक्षण में बड़ी मदद मिलेगी। जिला प्रशासन की यह पहल ग्रामीण विकास और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन की दिशा में क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायक उपलब्धि साबित हो रही है, जिससे ग्रामीणों को जल संकट से स्थायी रूप से राहत मिलेगी।



### सोनी कॉलोनी में गंदगी और अतिक्रमण से लोग बेहाल प्रशासन की अनदेखी

**गुना।** शहर की सोनी कॉलोनी स्थित इंद्रा पार्क के पास व्याप्त गंदगी और बड़े पैमाने पर हो रहे अतिक्रमण से कॉलोनीवासी बेहद परेशान हैं। पिछले कई दिनों से नालियों से निकाला गया कचरा मुख्य सडक पर ही पड़ा हुआ है, जो बारिश के पानी में भीगकर सड़ रहा है। इस सडन के कारण क्षेत्र में लगातार दुर्गंध फैल रही है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का गंभीर खतरा बना हुआ है। इसके अलावा, कॉलोनी में रसूखदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के चलते 25 फीट चौड़ी सडक अब सिमटकर महज 19-20 फीट ही रह गई है, जिससे आए दिन आवागमन बाधित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वे इस विकराल समस्या को लेकर पूर्व में भी जिला कलेक्टर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी और मुख्यमंत्री तक को लिखित शिकायत भेज चुके हैं, लेकिन आज दिनांक तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कॉलोनी वासियों ने शासन-प्रशासन से जनहित में जल्द से जल्द उचित कदम उठाने की मांग की है।

## प्रतिबंधित पॉलिथीन पर बड़ी कार्रवाई, 90 किलो अमानक प्लास्टिक जब्त, वाहन चालक पर लगाया जुर्माना



**गुना।** नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के निर्देश एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी के मार्गदर्शन में स्वच्छता विभाग की टीम ने प्रतिबंधित अमानक प्लास्टिक के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। स्वच्छता निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव और उनकी टीम ने हाट रोड स्थित गल्ला मंडी क्षेत्र में सिंधिया पार्क के सामने एक पिकअप वाहन को रोका, जिसमें म्याना ले जाने के लिए प्रतिबंधित पॉलिथीन लोड की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान टीम ने वाहन से लगभग 75 से 90 किलो अमानक पॉलिथीन जब्त की, जिसका बाजार मूल्य करीब 18,000 रुपये आंका गया है। मौके पर मौजूद ड्राइवर ने पॉलिथीन किसी व्यापारी की होने की बात कही, लेकिन संबंधित व्यापारी द्वारा अपना माल स्वीकार न किए जाने पर टीम ने वाहन चालक पर 1,000 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया। स्वच्छता निरीक्षक ने चालक को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में दोबारा अमानक पॉलिथीन का परिवहन करते हुए पकड़े जाने पर 5,000 रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा। इस प्रभावी कार्रवाई के दौरान टीम में स्वच्छता निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव के साथ डिफेंस जादौन भी उपस्थित रहे।

# बारिश में रास्ता भटके मासूम को खोजकर परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के संवेदनशील नेतृत्व, एएसपी प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं प्रभारी सीएसपी आनंद राय के पर्यवेक्षण में कैंट थाना पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश की है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए बारिश के दौरान रास्ता भटक गए एक मासूम बालक को सुरक्षित ढूंढकर महज एक घंटे में उसके रोते-बिलखते माता-पिता से मिला दिया।

घटना 8 जुलाई 2026 की शाम की है, जब रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एक छोटा बालक अकेले लावारिस हालत में भटक रहा था। सूचना मिलते ही कैंट थाने की डायल 112 (एफआरवी-4) की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घबराए हुए बच्चे को अपने संरक्षण में लिया। बालक अपना नाम-पता बताने में असमर्थ था, जिसके बाद पुलिस टीम ने लगातार एक घंटे तक आसपास के क्षेत्रों में सघन पूछताछ की। अथक प्रयासों के बाद पुलिस ने बच्चे के व्याकुल माता-पिता को ढूंढ निकाला, जो भीगते हुए अपने लाल को तलाश रहे थे। बेटे को सकुशल देख परिजनों की आंखों में आंसू छलक पड़े। इस सराहनीय व मानवीय कार्य में प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण यादव, प्रधान आरक्षक विक्रांत जाटव एवं पायलट रमाकांत परमार की विशेष और प्रशंसनीय भूमिका रही, जिनका पीड़ित परिवार ने हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### समाजसेवी प्रमोद भार्गव की मुहिम से 6 साल बाद मिला झारखंड का बिछड़ा सोनू, खबर सुन रो पड़ी पत्नी

**गुना।** समाजसेवी प्रमोद भार्गव के मानवीय प्रयासों से छह वर्ष पहले लॉकडाउन के दौरान अपने परिवार से बिछड़े झारखंड निवासी एक निराश्रित व्यक्ति को आखिरकार अपना परिवार मिल गया है। प्रमोद भार्गव ने पहले उस व्यक्ति का रेस्क्यू कर अपना घर आश्रम में आश्रय दिलाया। इसके बाद काउंसलिंग में मिली सीमित जानकारी के आधार पर लगातार प्रयास करते हुए करीब 1400 किलोमीटर दूर झारखंड के हजारीबाग जिले के पड़रिया गांव में उसके परिजनों को खोज निकाला। जब भार्गव ने लापता व्यक्ति की पत्नी रेखा बाई से फोन पर बात की तो वह भावुक हो गईं। उन्होंने बताया कि उनके पति सोनू तुरिया छह वर्ष पहले अचानक लापता हो गए थे, जिनकी काफी खोजबीन की गई थी। इस लंबे अंतराल में पिता की अनुपस्थिति में ही उनके दो बच्चों की शादी भी हो चुकी है। पति के सकुशल होने की खबर से पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से निराश्रितों और अस्वस्थ लोगों की सेवा में जुटे समाजसेवी प्रमोद भार्गव के इस सराहनीय कार्य के बाद अब सोनू तुरिया के रिश्तेदार उन्हें वापस घर ले जाने के लिए जल्द ही गुना आ रहे हैं।




सुबह पूजा करने पहुंची महिलाओं को अचेत मिला

# करंट की चपेट में आने से रूठियाई के शिव मंदिर के युवा पुजारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रूठियाई कस्बे में स्थित भोलेनाथ मंदिर में गुरुवार तडक़े एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है। यहाँ पानी की मोटर चालू करते समय बिजली का जोरदार करंट लगने से मंदिर के युवा पुजारी गिर्राज बैरागी (30) का असामयिक निधन हो गया। मूल रूप से धरनावदा रोड स्थित भदौड़ी गांव के निवासी गिर्राज बैरागी पिछले करीब ढाई वर्षों से रूठियाई के इस शिव मंदिर में अपनी सेवाएं दे रहे थे। मंदिर निर्माण के बाद स्थानीय मंडली ने उन्हें पूजा-अर्चना की जिम्मेदारी सौंपी थी।

रोज की तरह गुरुवार सुबह करीब 5 बजे गिर्राज जी मंदिर पहुँचे थे। उन्होंने सबसे पहले गर्भगृह और परिसर की साफ-सफाई की। इसके बाद जब वे जलाभिषेक व अन्य कार्यों के लिए पानी की मोटर चालू करने हेतु बिजली के तार जोड़ रहे थे, तभी वे अचानक नंगे तारों में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही बेसुध होकर गिर पड़े। कुछ समय बाद जब गांव की महिला श्रद्धालु हमेशा की तरह सुबह की पूजा करने मंदिर पहुँचीं, तो उन्होंने पुजारी जी को जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ा देखा। महिलाओं ने तुरंत शोर मचाकर आसपास के ग्रामीणों को इस बात की सूचना दी।

ग्रामीण तत्काल मौके पर एकत्रित हुए और उन्हें बेसुध हालत में जिला अस्पताल लेकर दौड़े, जहाँ परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक पुजारी अपने पीछे दो मासूम बेटों और एक बेटी का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# अस्पताल में मरीजों को फल बांटकर मनाया विधायक का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन



मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राघोगढ़ क्षेत्र के वर्तमान विधायक जयवर्धन सिंह का जन्मदिन आरोन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल आरोन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर वहां भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। अस्पताल परिसर में एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर और उत्साहपूर्वक नारेबाजी करते हुए अपने चहेते नेता के दीर्घायु जीवन की कामना की। उपस्थित जनों ने एक स्वर में कहा कि जयवर्धन सिंह युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं और क्षेत्र के विकास में उनका योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा।

विधायक प्रतिनिधि कमल प्रजापति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस गरिमामयी सेवा कार्य और कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद आरोन के विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सोनी, वर्तमान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती पार्वतीबाई अहिरवार, सिविल अस्पताल आरोन के प्रभारी डॉ. अविनाश रघुवंशी व समस्त डॉक्टर्स एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

इसके साथ ही शहर कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति शर्मा, गुना ग्रामीण कांग्रेस ब्लॉक प्रभारी शिवकुमार उपरिग, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कमल अहिरवार, सेवादल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, विधायक प्रतिनिधि खुर्रम खां, फारूक भाई, मंडल अध्यक्ष तीरथ सिंह, मंटू जैन, रामेश्वर साहू (सभी पार्षदगण), मुडरा सरपंच सोनू रघु, सरपंच गंगाराम अहिरवार, बारोद सरपंच भानू रघुवंशी, ओमवीर रघु, लोकेंद्र रघु, बंटी राजपूत, शकील भाई, मिथुन शर्मा, मनीष जैन, शैलेश सोनी, नीरज सोनी, राजू राजपूत, संजू राजपूत, सत्यम त्यागी, सूर्य प्रकाश शर्मा, राजेंद्र (टारजन), सोनू जाखोदा, कमल ग्वाल, दीपक अहिरवार (मोबाइल), विष्णु भोरे, राकेश जाटव, इमरान खान, नदीम खान सहित रोगी कल्याण समिति और स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### आनंद धाम में दंत चिकित्सा शिविर लगाया, दवाइयां बांटी

**राघौगढ़।** राघौगढ़ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह के जन्मदिवस के पावन अवसर पर सेवा भारती आनंद धाम वरिष्ठ जन सेवा केंद्र, गुना में बुजुर्गों के लिए सेवा और समर्पण का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पुनीत अवसर पर हाजी डॉ. साहिब सलीम अली (डीवीएस, राघौगढ़) द्वारा आश्रम में निवासरत सभी वृद्धजनों का निःशुल्क मुख एवं दंत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को दांतों की सुरक्षा और मुख स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श देकर जागरूक किया गया। साथ ही जन्मदिवस की खुशी में बुजुर्गों के लिए स्वल्पाहार की विशेष व्यवस्था भी की गई। भारत मेडिकल राघौगढ़ के इमरान खान के सौजन्य से बुजुर्गों को आवश्यक दवाइयों का निशुल्क वितरण किया गया। डॉ. सबा साहिब, चमन विश्वकर्मा, देवेंद्र बैरागी एवं नरेंद्र जैन सहित सहयोगी उपस्थित रहे।

# जिला जेल में आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**60 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




जिला जेल अशोकनगर में आयुष विभाग द्वारा एक विशेष निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर जिला आयुष अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन एवं जिला जेल अधीक्षक के विशेष सहयोग व समन्वय से आयोजित हुआ।

शिविर के दौरान जेल के लगभग 60 बंदियों (मरीज) को चिकित्सीय सेवाएँ एवं स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। चिकित्सा दल द्वारा शिविर में आए सभी मरीजों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसके अंतर्गत मुख्य रूप से ब्लड प्रेशर (बीपी) और शुगर (मधुमेह) की जाँचें की गईं। जाँच के उपरांत संबंधित बीमारियों से ग्रसित मरीजों को आयुष विभाग की ओर से आवश्यक एवं संबंधित दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

मौसमी बीमारियों से बचाव और योग पर विशेष सत्र

वर्षा ऋतु के आगमन को देखते हुए शिविर में बंदियों को इस मौसम में फैलने वाली मौसमी बीमारियों (जैसे- सर्दी, खांसी, बुखार, मलेरिया, डेंगू और पेट जनित संक्रमण) से सुरक्षित रहने के लिए विशेष परामर्श व सलाह दी गई। इस शिविर में आयुष विभाग की ओर से मुख्य रूप से डॉ. दीपक रघुवंशी, डॉ. धर्मेंद्र सोनी एवं अन्य अधीनस्थ मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा, जिन्होंने पूरी निष्ठा के साथ बंदियों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कीं।



### जयवर्धन सिंह के जन्मदिन पर बच्चों को शिक्षा सामग्री की प्रदान

अशोकनगर। कांग्रेस पार्टी के लोकप्रिय नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मगरदा में एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में युवा नेता रितेश आजाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मगरदा स्थित आदिवासी बस्ती का रुख किया। वहां कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंद आदिवासी बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें शिक्षा सामग्री के रूप में कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर एवं कटर (शार्पनर) के साथ बिस्किट के पैकेट वितरित किए। इस अवसर पर रितेश आजाद ने कहा कि हमारे नेता जयवर्धन सिंह हमेशा से ही समाज के गरीब, पिछड़े और आदिवासी वर्ग के कल्याण के लिए तत्पर रहते हैं। उनके जन्मदिन को सेवा कार्य के रूप में मनाना ही हमारे लिए वास्तविक उत्सव है। शिक्षा सामग्री पाकर आदिवासी बस्ती के बच्चों के चेहरों पर भारी खुशी और उत्साह देखा गया। इस सेवा कार्य के दौरानराजकुमार लोधी, लक्ष्मी प्रजापति, शिवचरण शर्मा, राणा जी राती खेड़ा मौजूद रहे।

# एनएसयूआई ने शासकीय विधि महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य के विरोध में सदबुद्धि यज्ञ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



एनएसयूआई द्वारा शासकीय विधि महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य के विरोध में गांधी पार्क पर प्रदर्शन एवं सद्बुद्धि यज्ञ किया।एनएसयूआई का कहना है कि गरिमा राठौर को अगर राजनीति का इतना ही शौक है तो हमारी मांग है कि प्रोफेसर जैसे महत्वपूर्ण पद से इस्तीफा देकर बीजेपी ज्वाइन कर लें और खूब प्रचार प्रसार करें। इसलिए एनएसयूआई ने ईश्वर से प्रभारी प्राचार्य के लिए सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी ने कहा कि छात्रों द्वारा आरोप लगाया गया है कि प्रभारी प्राचार्य गरिमा राठौर ने उन्हें प्रैक्टिकल में न बैठने का भय दिखाकर एबीव्हीपी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाध्य किया तथा स्वयं भी मंच साझा कर कार्यक्रम को संबोधित किया। अभिजीत ने कहा उक्त कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के परिषद परिचय और जॉइन एबीवीपी कार्यक्रम का आयोजन होना सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया है। इससे साफ़ जाहिर होता है कि प्रभारी प्राचार्य एजेंट बन के काम कर रही है। विद्यार्थियों को कार्यक्रम में शामिल होने हेतु अनिवार्य उपस्थिति और प्रैक्टिकल में रोकने जैसी चेतावनी देकर बुलाया गया है यह छात्रों की स्वतंत्रता, शैक्षणिक अधिकारों तथा सरकारी शिक्षण संस्थान की निष्पक्षता से जुड़ा गंभीर विषय है।अभिजीत ने कहा कि वीडियो में साफ़ दिख रहा कि प्राचार्य एबीव्हीपी की तारीफों कि कसीदे पढ़ रही है यह एक शासकीय कर्मचारी को शोभा नहीं देता। अभिजीत ने कहा कि छात्र अपनी स्वतंत्र इच्छा से किसी भी संगठन की विचारधारा से जुड़ें या न जुड़ें, यह उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। किसी भी सरकारी अधिकारी द्वारा अपने पद का उपयोग कर विद्यार्थियों पर दबाव बनाना स्वीकार्य नहीं हो सकता।

# संतोष उसी को मिलता जो इच्छाओं पर नियंत्रण रखता है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर



दिगबंर जैन दर्शन के मुनि दुर्लभ सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोंधित करते हुए कहा कि सच्चा सुख और स्थाई संतोष उसी कों मिलता है जो अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण रखतें हुए समय और प्रतिभा कों लोक कल्याण मैं लगाता हैं। अनुशासन का पालन करनें वालें ही सच्चे सहयोगी और नेता बनते हैं क्योंकि उनमें आत्मविश्वास स्पष्ट प्रखरता आदित्य संगम होता हैं।

यदि हम वास्तव में ऊंचाइयां कों छूना चाहतें हैं तों हमें अनुशासन समय पालन त्याग सेवा के मार्ग पर जीवन का आधार बनाना होगा। कोई वंधन नहीं बल्कि वह सुनहरा मार्ग जो हमें हमारी वर्तमान सीमाओं से उठाकर सफलता की चोटी तक पहुंचा देता है। ईश्वर का प्रेम केवल भावनाओं शब्दों तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी अनुभूति है जो हमारे जीवन के हर कार्य विचार संबंध में उतरकर उसे पवित्र बना देती है, भक्ती की सहजता इस वात पर निर्भर हैं कि भगवान के मध्य का सवध कितना वास्तविक गहरा निस्स्वार्थ है। प्रगति का पहला क़दम व्यक्ती अपने व्यवहार और मानसिक प्रवृतियों कों श्रेष्ठ दिशा में मोड सकें ईश्वर के सच्चे प्रेम में तीन प्रमुख आधार अडिग हैं।

आस्था, पवित्र, प्रेरणा, निस्वार्थ सेवा जब यह गुण जीवन में उतरते हैं तों व्यक्ति समाज के लिए एक जीवंत संदेश बन जाता है जो हमारे मार्ग कों सदेव आलोकित रखतें है। यह सतत साधना चरित्र निर्माण और आचरण में दिव्यता उतारनें का परिणाम है, सच्ची भक्ति का अर्थ है अपने जीवन के प्रत्येक कार्य में ईश्वर की उपस्थिति कों अनुभव करना। उसी के अनुरूप कर्म वाणी ओर विचार कों उपासना केवल मन्दिर मैं बैठकर कुछ समय प्राथना करनें का नाम नहीं है बल्कि मोह आलस्य निस्वार्थ से उठकर श्रेष्ठा सेवा सदाचार के पथ पर ले जाती है। सच्चा पुरुषार्थ तब ही फलता है जब गुण चरित्र पराक्रम के मार्ग पर खड़ा हों।

अमृत 2.0 से लेकर स्टेडियम तक होगा कायाकल्प।

# नगर पालिका की पीआईसी बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की, विकास कार्यों को मिली मंजूरी

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद की प्रेसिडेंट-इन-कौंसिल की बैठक नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर के विकास और जनहित से जुड़े कई बड़े प्रस्तावों पर चर्चा की गई और उन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि शहर का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। इन कार्यों के पूर्ण होने से नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, डॉ. जयमंडल यादव, प्रमेन्द्र तायडे, गीता आर्य, आशुतोष देवलिया, निक्की मोनू रघुवंशी, आयुषी सतपाल लोधी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, उपयंत्री भानू कुशवाहा, उपयंत्री शिवकुमार, उपयंत्री आयुष वर्मा, सुरेश तिवारी आदि मौजूद रहे।



**खास बातें**

- अमृत 2 .0 योजना के अंतर्गत जिन क्षेत्रों में नई पाइप लाइन बिछाई गई है, वहां नागरिकों को नवीन नल कनेक्शन देने की स्वीकृति दी गई है।
- शहर के संजय स्टेडियम में जिम के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण और जिम हेतु आवश्यक नई सामग्री क्रय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।
- नगर के वार्ड क्रमांक 01 से 22 तक आवश्यकता के आधार पर सी.सी. सड़क और नाली निर्माण कार्य कराए जाएंगे।
- निकाय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के विनियमितीकरण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात व्यक्ति ने जेब से रुपए निकाले

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम सिंघाड़ा निवासी राजेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पिपरई के हाट बाजार में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी पेंट की पीछे की जेब से 49 हजार रूपए निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात व्यक्ति ने खाते से 105779 रुपए निकाले

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत सन्नू यादव निवासी बडेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि खिड़की दरवाजे के पास चंदेरी में उसकी दुकान है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा फरियादी के क्योस्क खाते से धोखाधड़ी पूर्वक 105779 रूपए निकाल लिए और खाते को होल्ड करा दिया।

### सोलर प्लांट से 4400 मीटर तार चोरी

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम नगेश्री निवासी अनिकेत यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भैंसरवास में सोलर प्लांट से 6 एमएम का कॉपर तार जो 4400 मीटर लंबा है, उसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### जुए के अडडों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले में जुओं के अडडों पर छापामार कार्यवाही की गई है, कोतवाली पुलिस ने रामलीला मंच के पास सुभाष गंज में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए अजय लोधी, मोहर सिंह लोधी, जितेन्द्र यादव, रामनरेश, सूरज रैकवार को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 1900 रूपए सहित ताश की गडडी बरामद की है। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने ही सुभाषगंज में पीपल के पेड़ के पास विशाल यादव, जितेन्द्र बाल्मीक, देवेन्द्र प्रजापति, संजीव केवट, प्रमोद लोधी को ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने 2100 रूपए बरामद किए हैं। जिले के नईसराय थाने के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम सीहोर में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए भगवत जाटव, राकेश जाटव, और संजू कुशवाह को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 1460 रूपए और ताश की गडडी बरामद की हैं।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

**ईसागढ़।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला युवा अधिकारी श्रेया कन्दोला के निर्देशन में जयंती के अवसर पर शासकीय संदीपनी विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि तरुण रस्तोगी ने छात्र-छात्राओं को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, व्यक्तित्व एवं उनके राष्ट्रनिर्माण में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान की जानकारी दी तथा उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी श्रेया कन्दोला ने की।

## आरोपियों के पास से पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में एक कार भी की बरामद

# राजस्थान से साइबर क्राइम के तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशान्त यादव द्वारा सायबर धोखाधड़ी की घटना का कुछ ही घंटों में सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त टाटा पंच कार भी जब्त की है।

उल्लेखनीय है कि 08 जुलाई को फरियादी प्रसन्न यादव, संचालक ग्राहक सेवा केन्द्र, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, चंदेरी ने थाना चंदेरी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 06 जुलाई को टाटा पंच कार क्रमांक आरजे 18 सीएफ 9471 से आए दो व्यक्तियों ने स्वयं को चंदेरी घूमने आया हुआ बताते हुए नगदी समाप्त होने की बात कही तथा फोन पे के माध्यम से 1,05,000 ट्रांसफर करने का भरोसा देकर उनसे नकद राशि प्राप्त कर ली।

### लेकिन खातें में राशि नहीं पहुंची और खाता फ्रीज पाया गया

अगले दिन जब फरियादी बैंक से राशि निकालने पहुंचा तो उसका बैंक खाता फ्रॉड राशि प्राप्त होने के कारण फ्रीज पाया गया, जिससे उसके साथ सायबर धोखाधड़ी होना स्पष्ट हुआ। इसी प्रकार फरियादी सचिन लोधी, निवासी ग्राम खैरा के साथ भी दिल्ली दरवाजा स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र पर आरोपियों द्वारा 50,000 की इसी प्रकार धोखाधड़ी की गई। दोनों प्रकरणों में थाना चंदेरी पर पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत विवेचना प्रारंभ की गई।




### पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी राजस्थान से हैं

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी चन्देरी निरीक्षक प्रशान्त यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं तकनीकी साक्ष्यों का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया तथा मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर राजस्थान राज्य में आरोपियों की तलाश की गई।

### तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार की बरामद

पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी देवेन्द्र यादव पुत्र पुरुषोत्तम यादव, निवासी ग्राम खांदवा, थाना बुहाना, जिला झुंझुनू (राजस्थान), शुभम यादव पुत्र संतोष यादव, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम झौजा, थाना बुहाना, जिला झुंझुनू (राजस्थान) एवं मनीष जाट पुत्र राजेश कुमार जाट, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम बांसड़ी, थाना बुहाना, जिला झुंझुनू (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने दो अन्य साथी जितेश यादव एवं पवन मेघवाल, निवासी जिला झुंझुनू (राजस्थान) के साथ मिलकर इस प्रकार की सायबर धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त टाटा पंच कार जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। फरार आरोपी जितेश यादव एवं पवन मेघवाल, निवासी जिला झुंझुनू (राजस्थान) की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम लगातार प्रयासरत है।

## वीरेन्द्र रघुवंशी चुने गए अध्यक्ष

# अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद की बैठक अशोकनगर में आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए रघुवंशी समाज के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के स्वागत एवं परिचय के साथ हुआ।

बैठक में उपस्थित प्रमुख अतिथियों में मोहर सिंह जिला अध्यक्ष, विदिशा,भगवत सिंह मोहर सिंह,प्यारे सिंह रघुवंशी रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने समाज की एकता, संगठन की मजबूती, सामाजिक उत्थान, युवा पीढ़ी को संगठन से जोड़ने, शिक्षा, समाजहित के कार्यों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने समाज की प्रगति के लिए संगठित होकर कार्य करने पर बल दिया। विस्तृत चर्चा एवं विचार- विमर्श के उपरांत उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से बीरेन्द्र सिंह रघुवंशी को जिला अध्यक्ष चुना। उनके अध्यक्ष चुने जाने पर उपस्थित सभी सदस्यों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया एवं



शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित सदस्यों में सीताराम काकाजी शाढ़ौरा, श्याम सिंह रघुवंशी कनेरा,परमाल सिंह रघुवंशी, हरि सिंह रघुवंशी सावन, महामंत्री अशोक रघुवंशी, आनंद रघुवंशी प्रदेश महामंत्री अमित रघुवंशी, युवा कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष, उमेश रघुवंशी, बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी, हरिसिंह रघुवंशी खजुरिया, राजकुमार रघुवंशी तथा समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने सभी वरिष्ठजनों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने तथा समाजहित में पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे।




# विद्यार्थी दिवस पर भारत माता की आरती कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर गुरूवार को गांधी पार्क, अशोकनगर में भारत माता की आरती कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत सभी उपस्थित विद्यार्थियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से भारत माता की आरती कर राष्ट्र की उन्नति, अखंडता एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की तथा राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता, वर्तमान कार्यकर्ता, नगर के गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में राष्ट्रभक्त जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर अमन रघुवंशी, विभाग संयोजक गुना-अशोकनगर ने अपने उद्बोधन में कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने 78वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। परिषद आज जिस गौरवशाली स्थान पर पहुँची है, वह पिछले 77 वर्षों में लाखों कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या, समर्पण एवं संगठनात्मक आहुति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अभाविप केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त आंदोलन है, जिसने विद्यार्थी हित, समाज हित और राष्ट्र हित के प्रत्येक विषय पर सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की जय, वंदे मातरम्-एवं भारत माता की आरती के साथ राष्ट्रभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की संपूर्ण नगर कार्यकारिणी, पूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ता, नगर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## चिरौल के पेड़ पर लटकी थी लाश


# चार दिनों से लापता बुनकर युवक का पेड़ से लटका मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चंदेरी नगर के किला कोठी क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब हेलीपैड के नजदीक एक 32 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका हुआ पाया गया। मृतक की पहचान टीटू 32 वर्ष पुत्र कामता प्रसाद कोली के रूप में हुई है, जो थाने के सामने स्थित पछियापुरा का निवासी था। युवक बीते 5 तारीख से लापता था, जिसकी गुमशुदगी परिजनों ने स्थानीय थाने में भी दर्ज कराई थी।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, टीटू चंदेरी साड़ी बुनाई का कार्य करता था। घटना वाले दिन उसका काम पूरा हो चुका था, जिसके बाद वह स्थानीय स्तर पर ही कहीं घूमने के लिए निकला था। जब वह देर रात तक वापस घर नहीं लौटा,तो परिजनों को चिंता हुई। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

**4 दिन बाद मिली लाश, क्षत-विक्षत हो चुका था शव** लापता युवक की तलाश के बीच, बीती 8



तारीख (बुधवार) की शाम को परिजनों को सूचना मिली कि किला कोठी के पास एक युवक का शव लटका हुआ है।इसके बाद तुरंत पुलिस को मामले की जानकारी दी गई।

**रोंगटे खड़े कर देने वाला मंजर** गुरुवार सुबह जब पुलिस,मृतक के परिजन और समाज के लोग मौके पर पहुंचे, तो दृश्य बेहद भयावह था। गर्मी और पानी पढ़ते के साथ ही समय बीतने के कारण युवक की बॉडी पूरी तरह से गल चुकी थी और उससे तीव्र बदबू आ रही थी। शव की स्थिति इतनी खराब थी कि पैरों से खाल लटक रही थी और मांस टपक रहा था।

### चिरौल के पेड़ से लटका था शव, कारण अज्ञात

युवक ने हेलीपैड के पास स्थित एक चिरौल के पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाई थी। शव के पास ही उसका एक थैला भी लटका हुआ मिला है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है कि आखिर किन परिस्थितियों या मानसिक तनाव के चलते युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है।

# पाठक वार्ड में विकास कार्यों का विधायक ने किया निरीक्षण

### 68 लाख की लागत से नाला निर्माण कार्य का भी जल्द होगा शुभारंभ- विधायक सप्रे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से विधायक एड. निर्मला सप्रे ने पाठक वार्ड का दौरा कर निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति एवं तकनीकी मानकों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वार्ड के अन्य स्वीकृत मार्गों पर आगामी तीन दिवस के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए, जिससे नागरिकों को शीघ्र बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके।

निरीक्षण के दौरान विधायक सप्रे ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक वार्ड और प्रत्येक नागरिक तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, नाली एवं अन्य आधारभूत विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं।

इस अवसर पर विधायक ने पाठक वार्ड के वर्षों पुराने लंबित नाला निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यह महत्वपूर्ण कार्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अंतर्गत लगभग 68 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत किया गया है तथा इसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है। लंबे समय से नाला निर्माण नहीं होने के कारण वार्डवासियों को जलभराव एवं जल निकासी की गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इस निर्माण कार्य के पूर्ण होने से वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा क्षेत्र की स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

वार्डवासियों ने विकास कार्यों को गति देने तथा वर्षों से लंबित समस्याओं के निराकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र की अन्य आवश्यकताओं से भी विधायक को अवगत कराया, जिनके त्वरित निराकरण का आश्वासन उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर दिया।

निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, जिला समिति सदस्य भूपेंद्र नामदेव, पार्षद प्रकाश बजाज, विजय हुरकुट, राजेंद्र सिंह, संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# चंदेरी तहसील में पूर्णकालिक तहसीलदार नियुक्त किए जाने की मांग

**अशोकनगर।** जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील चंदेरी में कई महीनो से पूर्णकालिक तहसीलदार नियुक्त नहीं है यहां प्रभारी तहसीलदार के भरोसे तहसील चलाई जा रही है। यह सर्व विदित है कि, चंदेरी पर्यटन नगरी होने के साथ-साथ अशोकनगर जिले की मुख्य तहसील है, इस समय चंदेरी तहसील के माध्यम से कई विकास कार्य चल रहे हैं, जिसमें नल जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाई जा रही हैं। सड़क निर्माण हो रहे हैं एवं अन्य विकास के काम प्रगति पर हैं, जिसमें राजस्व विभाग के अंतर्गत आने वाले तहसीलदार कार्यालय की अहम भूमिका रहती है। और भी दैनिक कामकाज में पूर्ण कालिक तहसीलदार आवश्यक है। निकट भविष्य में चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर को जोड़ने वाली नई रेलवे लाइन के निर्माण का काम भी प्रारंभ होगा, इन सब को देखते हुए चंदेरी में पूर्ण कालिक तहसीलदार की नियुक्ति बहुत आवश्यक है। अभी हाल ही में हुए मध्य प्रदेश शासन द्वारा किए गए स्थानांतरण में पांच तहसीलदार अशोकनगर जिले में पदस्थ हुए हैं, जिनमें से किसी एक तहसीलदार की नियुक्ति चंदेरी तहसील में जिला कलेक्टर को तत्काल करनी चाहिए। चंदेरी तहसील में वर्तमान में नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता, प्रभारी नायब तहसीलदार दिलीप दरोगा कार्यरत है जिसमें से वरिष्ठता के आधार पर प्रभारी नायब तहसीलदार दिलीप दरोगा को तहसीलदार चंदेरी का प्रभाव दिया गया है, जबकि चंदेरी तहसील में पूर्णकालिक तहसीलदार का नियुक्त होना नितांत आवश्यक है।

### कर्मचारियों पर लगाए ज्यादा बिल देने के आरोप

**पिपरई।** नगर के वार्ड नं. 03 पठार मोहल्ला में रहने वाले आरिफ खान ने बताया कि मेरा घरेलू विद्युत बिल पूर्व से ही 200-300 रू बिल प्रतिमाह आता था। लेकिन अब मेरा अधिक बिल करीब 4000 से 5000 रू प्रति माह आ रहा है। जबकि मेरे द्वारा इतनी विद्युत उपयोग ही नहीं की जाती है। मैंने इस विषय में विद्युत विभाग के साहब एवं कर्मचारी को कई बार आवेदन देकर बताया है। जिससे कि मुझे अपनी मन मर्जी से बिल ना दिया जाये सही रीडिंग के हिसाब से बिल दिया जाए जो कि मैं भर सकूं। मेरा मीटर लगाया जावे। मैं एक गरीब व्यक्ति हु। मैं इतना बिल भरने में सक्षम नहीं हूं।

# जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत सलमाई चक्क निवासी विक्रम सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लाखन सिंह और सुलोचनाई बाई यादव ने रास्ते के विवाद पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंहपुर ताल निवासी प्रेमबाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इन्दल यादव, मलखान, भूरा यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तगारी निवासी विमलेश लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ऊदलसिंह लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिरावल निवासी घनश्याम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपेन्द्र, लालसिंह, महेन्द्र और अशोक लोधी ने उसकी लाईट काट दी व उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महिदपुर निवासी महेन्द्र कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पूजा कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत बदरवास निवासी राहुल चतुर्वेदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम घुरवार कला निवासी विजय, आशीष और विक्की यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## समाज जनों ने चंदेरी रोड फाटक पर पहुंचकर की भव्य अगवानी

# निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभय सागर महाराज संसघ का नगर में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

समाधिस्थ आचार्य संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज के शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर जी महाराज के आदेशानुसार निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभय सागर जी महाराज संसघ का भव्य मंगल प्रवेश गुरुवार को सुबह नगर में हुआ,जहां जैन समाज द्वारा चंदेरी रोड रेलवे फाटक से मुनि संघ की मंगल आगवानी की गई, समाज को इस बार निर्यापक मुनि श्री अभय सागर जी महाराज संसघ का मंगल चातुर्मास मिलने की प्रबल संभावना है।

जब नगर में मुनि संघ का मंगल प्रवेश हो चुका है ऐसे में श्रद्धालुओं में भारी उत्साह नजर आ रहा है,गुरुवार को जब मुनि संघ का बिहार साजनमहू ग्राम से नगर की ओर



हुआ तो जैन समाज द्वारा मुनि संघ की आगवानी की तैयारियां एक दिन पहले ही शुरू कर दी गई थी जिसमें नगर में तोरण द्वार ओर घरों के आगे रंगोली सजाई गई। मुनि श्री का जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा पाद प्रक्षालन किया गया ओर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मुनि संघ संत निवास में पहुंचे जहां मुनि श्री अभय सागर जी महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में आज भी बहुत उत्साह ओर उमंग देखने को मिला जो पहले हुआ करता था,यह उत्साह हमेशा बनाए रखना। साथ ही चातुर्मास कब ओर कहा होगा यह गुरु आज्ञा पर निर्भर रहता है जहां के लिए उनका आशीर्वाद मिलेगा उसी नगर का भाग्य जागृत होगा। अब आप लोगो को अपना पुण्य बढ़ाना है जिससे आप लोगो की भावना पूर्ण हो सके। धर्म सभा को मुनि श्री प्रभात सागर जी,मुनि श्री चंद्र सागर जी,मुनि श्री निरीह सागर जी ने भी संबोधित किया। मुनि श्री के मंगल चतुर्मास के लिए जैन समाज का एक दल आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के पास श्रीफल भेंट करने जाएगा।

## बिजनेस साइट

# हर पोर्टफोलियो में एसेट एलोकेशन मुख्य क्यों होना चाहिए? समझना जरूरी

**ग्वालियर।** किसी भी मकसद से निवेश करते समय, खासकर अनिश्चित मैक्रो-इकोनॉमिक और जियो-पॉलिटिकल हालात में, एसेट एलोकेशन पर ध्यान देना चाहिए। इससे पोर्टफोलियो में उतार-चढ़ाव कम रहता है और ज़्यादा स्थिर, रिस्क-एडजस्टेड नतीजे मिलते हैं।

पिछले कुछ सालों में बाज़ार का प्रदर्शन भले ही सुस्त रहा हो, लेकिन मज़बूत घरेलू विकास की कहानी को देखते हुए इक्विटी लंबे समय में संपत्ति बनाने के लिए एक अहम एसेट क्लास बनी हुई है। फिक्स्ड इनकम इंस्ट्रूमेंट्स पोर्टफोलियो के लिए अपेक्षाकृत स्थिर आय और अनुमानित रिटर्न सुनिश्चित करते हैं, साथ ही बाज़ार के उतार-चढ़ाव से पोर्टफोलियो को बचाते हैं।



**विकास गुप्ता**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, ग्वालियर

सोने ने पिछले कुछ सालों में शानदार प्रदर्शन किया है और कई अन्य एसेट क्लास से बेहतर रिटर्न दिया है। हालांकि, पोर्टफोलियो में इसका मुख्य मकसद महंगाई और करेंसी की कीमत में गिरावट से बचाव (हेजिंग) करना है, साथ ही जियो-पॉलिटिकल अनिश्चितता के समय सुरक्षित निवेश का विकल्प देना है। चांदी भी महंगाई से बचाव का काम करती है, हालांकि इसकी कीमत आर्थिक विकास और इंडस्ट्रियल साइकिल्स की स्थितियों पर ज्यादा निर्भर करती है।

एक-दूसरे से अलग (अनकोरिलेटेड) एसेट क्लास को मिलाने से एक डायवर्सिफाइड और मज़बूत पोर्टफोलियो बनता है। इक्विटी वाले हिस्से के लिए सही चुनाव करने के लिए टॉप-डाउन और बॉटम-अप दोनों तरह के तरीकों की ज़रूरत होगी। सेक्टर, थीम, मार्केट कैपिटलाइज़ेशन और स्टॉक चुनने के लिए वैल्यूएशन, बिजनेस साइकिल, मैक्रो-इकोनॉमिक फैक्टर, महंगाई आदि का अच्छी तरह से आकलन करना होगा।

अलग-अलग ब्याज दर साइकिल्स में बेहतर ढंग से काम करने के लिए डेट इन्वेस्टमेंट में एक्रूअल और ड्यूरेशन रणनीतियों के मिश्रण की ज़रूरत होती है। सोने में निवेश का फैसला करने के लिए अमेरिका में वास्तविक ब्याज दरों, डॉलर की मज़बूती, ग्लोबल और अमेरिकी महंगाई, आर्थिक विकास की स्थिति और सरकारी बॉन्ड (जी-सैक) यील्ड का सावधानीपूर्वक आकलन करना जरूरी है।

इस रेफरेंस में, 'मल्टी-एसेट फंड ऑफ फंड्स' एसेट एलोकेशन के फैसलों को आउटसोर्स करके पोर्टफोलियो बनाने की प्रक्रिया को आसान बना सकते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मल्टी-एसेट एक्टिव एफओएफ अंडरलाइंग स्कीम के ज़रिए इक्विटी, डेट और सोना/चांदी में निवेश करता है और बाज़ार की स्थितियों व संबंधित आकर्षण के आधार पर एलोकेशन को प्रभावशाली रूप से एडजस्ट करता है। रिसर्च-आधारित इनपुट का इस्तेमाल करके पोर्टफोलियो को सक्रिय रूप से रीबैलेंस किया जाता है, जिससे निवेशक बार-बार स्विच किए बिना एक ही निवेश के ज़रिए डायवर्सिफाइड एक्सपोज़र बनाए रख सकते हैं। एनएफओ सब्सक्रिप्शन के लिए 14 जुलाई, 2026 तक खुला है।